EDMONTON PUBLIC SCHOOLS

**BOARD OF TRUSTEES**

**WARD A** Sherri O'Keefe
**WARD B** Marsha Nelson
**WARD C** Marcia Hole
**WARD D** Trisha Estabrooks
**WARD E** Dawn Hancock
**WARD F** Julie Kusiek
**WARD G** Saadiq Sumar
**WARD H** *vacant*
**WARD I** Jan Sawyer

**SUPERINTENDENT OF SCHOOLS**

Darrel Robertson

Centre for Education
1 Kingsway NW
Edmonton AB T5H 4G9

**T** 780-429-8000
**F** 780-429-8318
**E** info@epsb.ca

7 जून, 2023

प्रिय परिवार, माता-पिता और अभिभावक,

2022 के पतझड़ में Edmonton पब्लिक स्कूल्स ने हमारे यहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बारे में और जानकारी पाने के लिए विद्यार्थी जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण का आयोजन किया। ग्रेड 4 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्वयं के बारे में जानकारी देने का अवसर दिया गया। सर्वेक्षण में निम्नलिखित प्रश्नों को संबोधित किया गया:

- मूल निवास की पहचान
- नस्लीय पहचान
- जातियता
- धर्म या आध्यात्मिक झुकाव
- लैंगिक पहचान
- यौन उन्मुखता (केवल ग्रेड 7 से 12)

सर्वेक्षण में भागीदारी पूर्ण रूप से स्वैच्छिक थी। माता-पिता को अधिकार दिया गया था कि वे अगर चाहें तो अपने बच्चे को भाग लेने से रोक सकते थे। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने केवल उन्हीं प्रश्नों के उत्तर दिए जिन्हें देने में उन्हें सहजता महसूस हुई।

**धन्यवाद**!

सर्वेक्षण में 55,800 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, यानी प्रतिक्रिया दर 73 प्रतिशत के बराबर थी। मैं उन विद्यार्थियों को धन्यवाद करना चाहूँगा, जिन्होंने समय निकाल कर सर्वेक्षण को पूरा किया। स्वयं के बारे में जानकारी देने की इच्छा जताने के लिए हम उनके आभारी हैं। हमें बहुत गर्व है कि हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि, संस्कृति और अनुभव अलग-अलग हैं।

**सर्वेक्षण के नतीजे**

अपडेट की गई जानकारी और नए वीडियो के साथ सर्वेक्षण के आरंभिक नतीजे अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं। मैं चाहूँगा कि आप रिपोर्ट को पढ़ने और इस कार्य से जुड़े हमारे अगले कदमों के बारे में और अधिक जानने के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ।

**अगले कदम**

Edmonton पब्लिक स्कूल्स निरंतर उठाए जाने वाले कदमों, सीख और सुधार के माध्यम से नस्लीय भेदभाव को रोकने, मेल-जोल बढ़ाने और हिस्सेदारी देने की दिशा में ठोस कार्य करने के लिए समर्पित है। आने वाले वर्षों में, सर्वेक्षण से मिले नतीजों को विद्यार्थियों की अन्य जानकारी के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि बेहतर तरीके से समझ में आ सके कि विद्यार्थी स्कूलों में किस प्रकार का अनुभव पाते हैं और प्रभाग ऐसे कौन-से कदम उठा सकता है जिससे कि बाधाओं को कम किया जा सके। इस कार्य के माध्यम से हमारी इच्छा ऐसे कदम उठाने की है जिससे कि भविष्य में विद्यार्थी अपनी पहचान पर गर्व महसूस करें, अपनापन महसूस करें और स्कूल में सफलता पा सकें।

भवदीय,

Darrel Robertson
स्कूल अधीक्षक